# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## ई-न्यूज़लेटर

भादूविप्रा
TRAI

## जुलाई 2024




**भादूविप्रा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी ने दिनांक 26 जून 2024 को नई दिल्ली में सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन इंडिया द्वारा आयोजित इंडिया स्पेस कांग्रेस 2024 में मुख्य भाषण दिया।**

# परामर्श

(1) **भादूविप्रा ने दिनांक 6 जून 2024 को "राष्ट्रीय नंबरिंग योजना में संशोधन" विषय पर एक परामर्श पत्र (सीपी) जारी किया।**

दूरसंचार विभाग ने वर्ष 2023 में 750 मिलियन कनेक्शनों का समर्थन करने हेतु एनएनपी को संशोधित किया। तथापि, दिनांक 31 मार्च, 2024 तक 1,199.28 मिलियन सब्सक्राइबरों के साथ, नंबरिंग संसाधन अब एक सीमित संसाधन बन रहे हैं। दूरसंचार विभाग ने दिनांक 29/09/2022 के अपने संदर्भ के माध्यम से तीव्र विकास के कारण संसाधनों की संख्या निर्धारण पर वर्तमान और भविष्य की बाधाओं को दूर करने के लिए  भादूविप्रा से सिफारिशें मांगी हैं। उपरोक्त संदर्भ में, भादूविप्रा ने दिनांक 6 जून 2024 को "राष्ट्रीय नंबरिंग योजना के संशोधन" पर एक परामर्श पत्र जारी किया, जिसमें हितधारकों से टिप्पणियाँ मांगी गईं। टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4 जुलाई 2024 और प्रति-टिप्पणियों के लियुए अंतिम तिथि 18.07.2024 थी।

https://www.trai.gov.in/sites/default/files/CP_06062024.pdf

(2) **भादूविप्रा ने दिनांक 24 जून 2024 को "एम2एम क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाओं से संबंधित मुद्दे और एम2एम सिम के स्वामित्व का हस्तांतरण" विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया।**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दिनांक 01.01.2024 के एक संदर्भ के माध्यम से निम्नलिखित - (क) एम2एम क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाओं की पहचान। (ख) एम2एम सिम के स्वामित्व का हस्तांतरण पर पुनर्विचारित अनुशंसा प्रदान करने हेतु भादूविप्रा से अनुरोध किया।

इस संबंध में, "एम2एम क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाओं से संबंधित मुद्दे, और एम2एम सिम के स्वामित्व का हस्तांतरण" पर एक परामर्श पत्र दिनांक 24.06.2024 को जारी किया गया था, जिसमें हितधारकों से टिप्पणियां मांगी गई थीं। उक्त परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से दिनांक 22.07.2024 तक लिखित टिप्पणियां और दिनांक 05.08.2024 तक प्रति-टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं।

https://www.trai.gov.in/sites/default/files/CP_24062024_0.pdf

# अनुशंसाएं

(1) **भादूविप्रा ने "राष्ट्रीय प्रसारण नीति-2024 के निर्माण हेतु इनपुट" विषय पर दिनांक 20 जून 2024 को अनुशंसाएं जारी कीं।**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने दिनांक 13 जुलाई 2023 को अपने पत्र के माध्यम से भादूविप्रा से राष्ट्रीय प्रसारण नीति के निर्माण हेतु भादूविप्रा अधिनियम, 1997 की धारा 11 के तहत अपने सुविचारित इनपुट प्रदान करने का अनुरोध किया।

भादूविप्रा ने इस संबंध में हितधारकों की टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को आमंत्रित करने हेतु दिनांक 2 अप्रैल 2024 को 'राष्ट्रीय प्रसारण नीति-2024 के निर्माण के लिए इनपुट' विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया। इसके जवाब में, सेवा प्रदाताओं, संगठनों, उद्योग संघों, उपभोक्ता वकालत समूहों और कुछ व्यक्तियों सहित 42 हितधारकों ने अपनी टिप्पणियाँ प्रस्तुत कीं। उक्त परामर्श पत्र पर दिनांक 15.05.2024 को वर्चुअल मोड के माध्यम से एक खुला मंच चर्चा (ओपन हाउस चर्चा) का आयोजन किया गया।

एमआईबी से प्राप्त संदर्भ, हितधारकों की प्रतिक्रिया और अपने स्वयं के विश्लेषण के आधार पर, भादूविप्रा ने "राष्ट्रीय प्रसारण नीति-2024 के निर्माण के लिए इनपुट" विषय पर अपनी अनुशंसाएं जारी कीं, जिसमें प्राधिकरण ने राष्ट्रीय प्रसारण नीति 2024 के निर्माण के लिए प्रस्तावना, विजन, मिशन, लक्ष्य और रणनीतियों की अनुशंसा की है।

इन अनुशंसाओं का प्रयोजन प्रसारण क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए एक प्रतिस्पर्धी, किफायती और सर्वव्यापी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो उपभोक्ताओं की विविध आवश्यकताओं को पूरा करेगा, जिससे गुणवत्तापूर्ण सामग्री का निर्माण हो सकेगा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा मिलेगा, समावेशिता और साक्षरता को सक्षम बनाया जा सकेगा, निवेश आकर्षित किया जा सकेगा, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा की जा सकेगी, लचीला स्वदेशी अवसंरचना का विकास किया जा सकेगा, उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाया जा सकेगा, रोजगार सृजन किया जा सकेगा और भारत की छवि को मजबूत करने तथा वैश्विक स्तर पर 'ब्रांड इंडिया' की स्थिति स्थापित करने हेतु नवाचार और सहयोग के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

विस्तृत मुख्य अनुशंसाओं तक निम्नलिखित लिंक या क्यूआर कोड से पहुंचा जा सकता है।

https://www.trai.gov.in/sites/default/files/Recommendations_20062024_0.pdf

# खुला मंच चर्चा

**"भवनों या क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए रेटिंग फ्रेमवर्क पर विनियमन" विषय पर जारी परामर्श पत्र पर दिनांक 18.06.2024 को एक खुला मंच चर्चा (ओएचडी) आयोजित की गई।**

"भवनों या क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए रेटिंग ढांचे पर विनियमन" विषय पर जारी परामर्श पत्र पर भादूविप्रा ने दिनांक 18 जून 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक खुला मंच चर्चा (ओएचडी) आयोजित की। उक्त ओएचडी के लिए गए कुछ वीडियो नीचे संलग्न हैं:





# सेमिनार

**सोनीपत (हरियाणा) में दिनांक 20 जून 2024 को "सतत विकास के लिए डिजिटल नवाचार" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन।**

भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर ने सोनीपत (हरियाणा) में "सतत विकास के लिए डिजिटल नवाचार" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के सलाहकार श्री एस.एस. चांडक ने अपने स्वागत भाषण में डिजिटल नवाचार के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र द्वारा विनिर्दिष्ट सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के महत्व के बारे में जानकारी दी।

**श्री महेंद्र श्रीवास्तव**, सचिव, भादूविप्रा ने अपने मुख्य भाषण में एआई और जनरेटिव एआई जैसे डिजिटल नवाचार के माध्यम से यूसीसी पर अंकुश लगाने के बारे में जानकारी दी।

**श्री वी. रघुनंदन**,   पूर्व सचिव, भादूविप्रा ने अपने उद्घाटन भाषण में उच्च शिक्षा में संवर्धित वास्तविकता/आभासी वास्तविकता पर बल दिया, जो छात्रों को वास्तविक दुनिया के जोखिमों से मुक्त, सुरक्षित वातावरण में अभ्यास और सीखने की अनुमति देता है। छात्र लागतों का सामना किए बिना गलतियाँ कर सकते हैं और विभिन्न परिणामों के साथ विकल्प चुनने का अभ्यास कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों के लाभ हेतु उभरती हुई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने वाले विभिन्न पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रोफेसरों/व्याख्याताओं के साथ भी बातचीत की।

**श्री अभय सावरगांवकर,** नोकिया के सीटीओ एवं एलायंस-ग्लोबल सेल्स क्लाउड एवं नेटवर्क सर्विसेज के प्रमुख ने "स्थायित्व में दूरसंचार की भूमिका" विषय पर व्याख्यान/प्रस्तुति दी, जिनमें उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-कचरे के प्रबंधन आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दूरसंचार के महत्व,  विशेष रूप से प्रेसिजन फार्मिंग की भूमिका पर पर प्रकाश डाला, जिससे जल संरक्षण और कृषि उत्पादकता में वृद्धि हो सकती है।

**श्री विकास अग्रवाल,** वाधवानी सेंटर फॉर गवर्नमेंट डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन (डब्ल्यूजीडीटी) के निदेशक, ने वीडियो के माध्यम से **"**सतत विकास के लिए उभरती हुई प्रौद्योगिकियां**"** विषय पर व्याख्यान दिया और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला।

**श्री पुलक रिजवानी,** ऑप्साइट एआई प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ ने **"**विनिर्माण क्षेत्र में एआई की भूमिका**"** पर व्याख्यान दिया**,** जिसमें उन्होंने उपयोग के मामलों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र में एआई के उपयोग पर जोर दिया।

**श्री अरुण अग्रवाल,** उप महानिदेशक (उपग्रह एवं स्थिरता), दूरसंचार मुख्यालय नई दिल्ली ने "दूरसंचार क्षेत्र में स्थिरता और परिपत्र अर्थव्यवस्था" पर एक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि दूरसंचार क्षेत्र के लिए एक परिपत्र अर्थव्यवस्था वह है जिसमें संसाधनों को यथासंभव लंबे समय तक उपयोग में रखा जाता है, और अपव्यय को कम से कम या समाप्त कर दिया जाता है।

**श्री आर.आर. यादव,** निदेशक, बिहार एलएसए ने डिजिटल अवसंरचना के लिए **3**ए (उपलब्धता**,** अभिगम**,** सामर्थ्य) पर केस स्टडी पर एक व्याख्यान दिया**,** जिसमें उन्होंने अपने शोध कार्य के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं के प्रसार के महत्व के बारे में एक केस स्टडी प्रस्तुत की।

**श्री आर.आर.मीणा**, संयुक्त सलाहकार**,** भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा सेमिनार सकारात्मक ढंग से संपन्न हुआ।















## कार्यक्रम

- श्री अनिल कुमार लाहोटी, अध्यक्ष, भादूविप्रा ने दिनांक 26 जून 2024 को नई दिल्ली में सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन इंडिया द्वारा आयोजित इंडिया स्पेस कांग्रेस 2024 में मुख्य भाषण दिया।





• श्री अनिल कुमार लाहोटी, अध्यक्ष, भादूविप्रा ने भादूविप्रा मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 समारोह का नेतृत्व किया। दिनांक 21 जून 2024 को भादूविप्रा मुख्यालय और आरओ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाइब्रिड मोड में इस कार्यक्रम में भाग लिया।




# विविध

- भादूविप्रा ने दिनांक 14 जून 2024 को डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम (डीएएस) का लेखापरीक्षा करने के लिए लेखापरीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी की, जिसके अनुसार डीएएस का लेखापरीक्षा करने हेतु आठ लेखापरीक्षकों को दो वर्ष की अवधि के लिए पैनल में शामिल होने का विस्तार दिया गया है। दिनांक 30 जून 2024 तक डीएएस का लेखापरीक्षा करने के लिए भादूविप्रा द्वारा पैनल में शामिल किये गए लेखापरीक्षकों की कुल संख्या 52 है।

- सी-डॉट ने "स्वदेशी रूप से विकसित सेट टॉप बॉक्स (एसटीबी)" विषय के क्रम में दिनांक 25 जून 2024 को इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी फेज-I, बेंगलुरु में अपने परिसर में स्वदेशी रूप से विकसित एसटीबी, सीएएस, एसएमएस और आईपीटीवी समाधानों का निष्पादन करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस निष्पादन का उद्देश्य एमएसओ को स्वदेशी रूप से विकसित सेट-टॉप-बॉक्स, सीएएस, एसएमएस और आईपीटीवी समाधानों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देना था ताकि वे उनके संभावित अनुप्रयोगों/उपयोगिता को समझ सकें/मूल्यांकित कर सकें।
- पीएमआर की लेखापरीक्षा और मूल्यांकन के लिए दो लेखापरीक्षा एजेंसियों को तिमाही आधार पर जून 2024 तिमाही से नियुक्त किया गया है।

| क्र.सं. | कंपनी का नाम | क्षेत्रीय कार्यालय/जोन |
|---|---|---|
| 1. | मेसर्स टीयूवी एसयूडी साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड | क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलुरु, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद और क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर जोन। |
| 2. | मेसर्स हिंदुस्तान थॉम्पसन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड | क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली जोन, क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता जोन |

- अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) के मुद्दे को कम करने के अपने निरंतर प्रयास में, टीसीसीसीपीआर, 2018 के तहत एक्सेस प्रदाताओं के मोबाइल ऐप और वेब पोर्टलों के माध्यम से यूसीसी शिकायतों, वरीयताओं और सहमतियों के पंजीकरण की उपयोगकर्ता-अनुकूलता बढ़ाने के संबंध में दिनांक 24.06.2024 के निर्देश में, भादूविप्रा ने एक्सेस प्रदाताओं को अपने मोबाइल ऐप और वेब पोर्टलों को बढ़ाने के लिए अनिवार्य किया है ताकि उन्हें यूसीसी शिकायत और वरीयता की सेटिंग के पंजीकरण के लिए अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया जा सके।
- यूसीसी के लिए निगरानी तंत्र को मजबूत करने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम, 2018 के तहत प्राधिकरण को निष्पादन निगरानी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में दिनांक 24.06.2024 को निर्देश जारी किया गया है। अधिक विस्तृत निगरानी के लिए, सभी एक्सेस प्रदाताओं को पिछले तिमाही रिपोर्टिंग चक्र के विपरीत मासिक रूप से पीएमआर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।
- भादूविप्रा ने दिनांक 14.03.2024 को दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (नौवां संशोधन) विनियम, 2024 जारी किए, जो दिनांक 01.07.2024 को लागू हुए। संशोधित विनियमों का उद्देश्य बेईमान तत्वों द्वारा धोखाधड़ी वाले सिम स्वैप/प्रतिस्थापन के माध्यम से मोबाइल नंबरों की पोर्टिंग को रोकना है। इन संशोधित विनियमों के माध्यम से, एक विशिष्ट पोर्टिंग कोड (यूपीसी) के आवंटन के अनुरोध को अस्वीकार करने के लिए एक अतिरिक्त मानदंड पेश किया गया है। विशेष रूप से, यदि यूपीसी के लिए अनुरोध सिम स्वैप/प्रतिस्थापन की तारीख से सात दिनों की समाप्ति से पहले किया गया है, तो यूपीसी आवंटित नहीं किया जाएगा।.

# दूरसंचार सब्सक्रिप्शन

**दिनांक 31 मई, 2024 की स्थिति के अनुसार दूरसंचार सब्सक्रिप्शन डेटा :**

| विवरण | वायरलेस | वायरलाइन | कुल |
|---|---|---|---|
| शहरी टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 634.10 | 31.78 | 665.89 |
| ग्रामीण टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 534.85 | 2.95 | 537.80 |
| कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | **1168.95** | **34.73** | **1203.69** |
| समग्र दूरसंचार-घनत्व(%) | 83.40 | 2.48 | 85.87 |
| शहरी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 54.25 | 91.51 | 55.32 |
| ग्रामीण सब्सक्राइबर्स का हिस्सा (%) | 45.75 | 8.49 | 44.68 |
| ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या (मिलियन) | 893.83 | 41.31 | 935.13 |

मई 2024 में पीक वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलेस सब्सक्राइबर 1059.73 मिलियन थे।

मई 2024 में, एमएनपी के लिए 12 मिलियन सब्सक्राइबर अनुरोध किए गए। इसके कार्यान्वयन के बाद से मई 2024 के अंत तक कुल 985.60 मिलियन उपभोक्ताओं ने एमएनपी सुविधा का लाभ उठाया।

# उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम

भादूविप्रा ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए निम्नानुसार विशेष उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (एससीओपी)/उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) आयोजित किए:

| क्र. सं. | **स्थान** | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा देहरादून (उत्तराखंड)। | 5 जून 2024 |
| 2 | भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता द्वारा धर्मनगर (त्रिपुरा)। | 06 जून 2024 |
| 3 | भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा झज्जर (हरियाणा) | 07 जून 2024 |
| 4 | भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश) | 12 जून 2024 |
| 5 | भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलुरु द्वारा कोल्हापुर (महाराष्ट्र) | 13 जून 2024 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता द्वारा नोंगटालंग वेस्ट जैंतिया हिल्स (मेघालय) | 27 जून 2024 |
| 7. | भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद द्वारा मंचेरियल (तेलंगाना) | 27 जून 2024 |
| 8. | भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा महासमुंद (छत्तीसगढ़) | 28 जून 2024 |

# फोटो गैलरी



**भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 5 जून 2024 को देहरादून (उत्तराखंड) में एक (उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) का आयोजन किया गया।**




**भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा दिनांक 06 जून 2024 को धर्मनगर (त्रिपुरा) में एक (उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) का आयोजन किया गया**




**भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वारा दिनांक 7 जून 2024 को झज्जर (हरियाणा) में एक (उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) का आयोजन किया गया।**




**भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 12 जून 2024 को नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश) में एक (उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) का आयोजन किया गया।**




**भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलुरु द्वारा दिनांक 13 जून 2024 को कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में एक (उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) का आयोजन किया गया।**





**भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा दिनांक 27 जून 2024 को नोंगतालांग पश्चिम जैंतिया हिल्स (मेघालय) में एक (उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) का आयोजन किया गया।**





**भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद द्वारा दिनांक 27 जून 2024 को मंचेरियल (तेलंगाना) में एक (उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) का आयोजन किया गया।**





**भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 28 जून 2024 को महासमुंद (छत्तीसगढ़) में एक (उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) का आयोजन किया गया।**

*इस न्यूजलेटर में उल्लिखित निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सब्सक्रिप्शन डेटा आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।*

*4, 5, 6 और 7वीं मंजिल, टॉवर-एफ, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली--110029*

*हम फेसबुक पर भी उपलब्ध हैं! हमसे* ***https://www.facebook.com/TRAI/*** *से जुड़ें!*

*हम ट्विटर पर भी हैं! हमें* ***TRAI@TRAI*** *पर फॉलो करें*